

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-24.07.2025 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री मुकेश कुमार यादव, स०वि०स० | ''राज्य में नेतरहाट विद्यालय के तर्ज पर वर्ष 2010 में सिमुलतला आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी, विद्यालय की सफलता के बाद शिक्षा विभाग द्वारा सिमुलतला के तर्ज पर सभी जिला में एक-एक आवासीय विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा गया, तत्पश्चात् वर्ष 2023 में शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण बैठक के दौरान सभी जिला पदाधिकारी को विद्यालय के लिए जमीन चिन्हित करने या जिला में संचालित विद्यालय को ही चिन्हित कर अंतिम रूप देने के लिए ए०एन० सिन्हा इंस्टीटयूट को रिपोर्ट बनाने के लिए कहा गया था, लेकिन अब तक इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।<br><br>अतः सदन के माध्यम से राज्य के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराता हूँ ।'' | शिक्षा |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री रामचन्द्र प्रसाद, स०वि०स०<br>श्री विनय बिहारी, स०वि०स०<br>श्री अशोक कुमार सिंह, स०वि०स०<br>डॉ0 सी0एन0 गुप्ता, स०वि०स०<br>श्री ललन कुमार, स०वि०स०<br>श्री भरत बिन्द, स०वि०स०<br>श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स०<br>श्रीमती शालिनी मिश्रा, स०वि०स० | ''हायाघाट विधानसभा सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद विसरा रिपोर्ट प्राप्त करने में सालो लग जाता है । इस विलंब के कारण पुलिस जाँच और न्याय प्रक्रिया दोनों ही बाधित हो जाती है, जिससे मृतक के परिजनों को न्याय मिलने में वर्षो लग जाते हैं । फलस्वरूप अपराधिक मामलों में अपराधियों को लाभ और पीड़ित परिवारों को असुविधा होती है ।<br>अत: सदन के माध्यम से विसरा परीक्षण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, संसाधनों की वृद्धि कर जिलों में फॉरेंसिक लैब की संख्या बढ़ाने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।'' | गृह |

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-21/25- 596 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 जुलाई, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

रविन्द्र पंडित 23.7.25
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-21/25- 596 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 जुलाई, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

रविन्द्र पंडित 23.7.25
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-21/25- 596 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 जुलाई, 2025 ई०।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग एवं गृह विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

रविन्द्र पंडित 23.7.25
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-21/25- 596 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 जुलाई, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

रविन्द्र पंडित 23.7.25
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।